Class - 6

Subject - HINDI GRAMMAR

पाठ – 5 शब्द निर्माण – उपसर्ग

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. उपसर्ग किसे कहते हैं?

उत्तर जो शब्दांश शब्द से पूर्व जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं, वे उपसर्ग कहलाते हैं।

उदाहरण – वि + ज्ञान = विज्ञान

पर + तंत्र = परतंत्र

ख. हिंदी में कितने प्रकार के उपसर्ग प्रयोग किये जाते हैं?

उत्तर हिंदी में चार प्रकार के उपसर्ग प्रयोग किये जाते हैं –

1. संस्कृत के उपसर्ग
2. हिंदी के उपसर्ग
3. उर्दू के उपसर्ग
4. उपसर्ग की तरह प्रयुक्त होने वाले अव्यय

पाठ – 6 शब्द निर्माण – प्रत्यय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. प्रत्यय किसे कहते हैं?

उत्तर जो शब्दांश शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं।

उदाहरण – दया + आलु = दयालु

सब्जी + वाला = सब्जीवाला

ख. उदाहरण सहित उपसर्ग और प्रत्यय में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर

उपसर्ग –	प्रत्यय –
1. उपसर्ग वे शब्दांश हैं जो मूल शब्द के आरंभ में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं। उदाहरण – बद + नाम = बदनाम उप + कार = उपकार	1. उपसर्ग वे शब्दांश हैं जो मूल शब्द के अंत में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं। उदाहरण – दया + आलु = दयालु लिपि + इक = लिपिक
2. हिंदी में चार प्रकार के उपसर्गों का प्रयोग किया जाता है।	2. प्रत्यय के दो प्रकार होते हैं।

ग. प्रत्यय के कितने प्रकार होते हैं? उदाहरण सहित नाम लिखें।

उत्तर प्रत्यय के दो प्रकार होते हैं –

	नाम	उदाहरण
1.	कृत प्रत्यय	लिख + ना = लिखना, गा + ना = गाना
2.	तद्धित प्रत्यय	लोहा + आर = लोहार, सम्मान + इत = सम्मानित

पाठ – 7 संज्ञा

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

उत्तर किसी भी प्राणी, वस्तु, स्थान तथा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण – भालू, पुस्तक, पूर्णियाँ, बचपन आदि।

ख. भावाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

उत्तर जिस शब्द से किसी व्यक्ति के गुण, दोष, दशा या भाव का पता चले, उसे भाववाचक संज्ञा कहा जाता है।

उदाहरण – नदी का बहाव तेज था।

चोरी करना गंदी आदत है।

मेहनत करने से सफलता मिलती है।

ग. भावाचक संज्ञाएँ कितने प्रकार के शब्दों से बनाई जाती है?

उत्तर भाववाचक संज्ञाएँ चार प्रकार के शब्दों से बनाई जाती है –

1. जातिवाचक संज्ञा से
2. सर्वनाम शब्दों से
3. क्रियाओं से
4. विशेषण शब्दों से

घ. संज्ञा के कितने भेद होते हैं? नाम लिखें।

उत्तर संज्ञा के पाँच भेद होते हैं –

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा
4. समूहवाचक संज्ञा
5. द्रव्यवाचक संज्ञा